# कांग्रेसियों ने लकड़ी जलाकर चूल्हे पर तले पकौड़े

## किया विरोध प्रदर्शन, गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने निकाली रैली, पीएम के खिलाफ नारेबाजी



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 मार्च।** रसोई व कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत के साथ लगातार बढ़ रही मंहगाई के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कार्यकर्ताओं ने शहर में गैस सिलेंडर एवं चूल्हा साथ लेकर शहर के मुख्य बाजारों में रैली निकाली। जिसके बाद पुरानी कलेक्ट्रेट के बाहर लकड़ी जलाकर चूल्हे पर पकौड़े तलकर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ गुस्सा और विरोध प्रदर्शन किया। रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता सदर बाजार स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां से कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर सहित चूल्हा जलाने की सामग्री साथ लेकर रैली निकाली। जो सदर बाजार, मारकंडेश्वर बाजार, हनुमान चौराहा, सिकरवारी बाजार, एमएस रोड से होकर पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचीं। कलेक्ट्रेट पर कार्यकर्ताओं ने चूल्हा बनाने के बाद गोबर से बने कंडे और लकड़ी से आग जलाकर पकौड़े तलकर केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि ईरान-इजराईल के बीच हुए युद्ध के हालातों में देशभर में फैली रसोई गैस की किल्लत ने भारत की विदेश नीति के असफल होने का प्रमाण दिया है। अमेरिका के साथ ट्रेड डील से किसानों को नुकसान होगा। उन्होंने रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि पर अंकुश लगाने और किल्लत को दूर किए जाने की मांग सरकार से की।

**अमेरिका के साथ ट्रेड डील से किसानों को होगा नुकसान**

### विरोध प्रदर्शन और रैली में यह रहे शामिल

प्रवक्ता हरीश पाठक, दीपक शर्मा, नगर निगम सभापति राधारमण डंडौतिया, प्रदेश सचिव जसवीर गुर्जर, मानवेन्द्र सिंह सिकरवार गांधी, जितेन्द्र डंगस, उदयवीर सिकरवार, मनीष उपाध्याय, विनोद शर्मा, प्रमोद सिंह परमार, पूरन यादव, आसिफ कुरेशी, रामू तोमर, जगन्नाथ कुशवाह, हरीराम सिंह पचौरिया, प्रदीप रजक, गौव चतुर्वेदी, अशोक तोमर, प्रमोद हुसैनपुर, किशन पंडित, कौशल पंडित, सोनू जौनवार, रमेश अर्गल, नरेश यादव, विनोद जौनवार, नजमा बेगम, ममता कुशवाह, प्रताप सिंह कुशवाह, अरुण प्रताप सिंह आदि विरोध प्रदर्शन एवं रैली में शामिल थे।

# आज से प्रारम्भ होगा चैत्र नवरात्र

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 मार्च।** 89 साल बाद चैत्र नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार से होगी, जिसमें मातारानी पालकी बैठकर आएंगी। वहीं सर्वाथ सिद्धि और शुक्ल योग का अद्भुत संयोग भी रहेगा। चैत्र नवरात्रि के लिए अंचल के प्रसिद्ध देवी भवनों पर तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। वहीं अंचल से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के जत्थे कैलादेवी, वैष्णोदेवी आदि प्राचीन मंदिरों की ओर रवाना हो गए हैं।

**89 वर्ष बाद गुरूवार को सर्वाथ सिद्धि शुक्ल योग में पालकी पर सवार होकर आएंगी आदिशक्ति**

चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ आज 19 मार्च से होगा, जो 27 मार्च तक चलेगा। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस बार की नवरात्रि पर 89 सालों बाद एक अनोखा संयोग बन रहा है। इस बार प्रतिपदा तिथि का क्षय होने के कारण हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 का आरंभ सीधे द्वितीया तिथि से होगा। इसका अर्थ यह है कि नवरात्रि की शुरुआत पुराने वर्ष में ही हो



### पालकी में बैठकर आएंगी मां, अच्छी बारिश-समृद्धि का संकेत

माता दुर्गा इस बार पालकी में आ रही हैं और हाथी पर विदा होंगी, जो अच्छी बारिश और समृद्धि का संकेत है। 19 मार्च को कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6.52 बजे से 9.44 बजे तक है, और दूसरा शुभ अभिजीत मुहूर्त 11.20 बजे से 12.09 बजे तक है।

### अंचल के इन देवी मंदिरों पर लगेंगे 9 दिन तक मेले

चैत्र नवरात्रि में अंचल के प्रसिद्ध देवी मंदिर बसैय्या वाली माता, बड़ोखर स्थित प्राचीन मंदिर, बहरारा निरार वाली माता सहित दो दर्जन से अधिक प्राचीन देवी मंदिरों पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। बसैय्या वाली माता पर चैत्र नवरात्रि में भारी संख्या में नेजे भी चढ़ाए जाते हैं।

# मार्च में राजस्व प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करें : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 मार्च।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बुधवार को बानमोर तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति का गहन अवलोकन किया तथा उनके त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

**कलेक्टर ने बानमोर तहसील का किया निरीक्षण**



कलेक्टर ने विशेष रूप से नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे महत्वपूर्ण प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए मार्च माह के अंत तक शत.प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश तहसीलदार को दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में संधारित अभिलेखों एवं फाइलों का रीडर के माध्यम से परीक्षण किया गया। जिन प्रकरणों में त्रुटियां पाई गईं, उन्हें शीघ्र सुधारने एवं आवश्यक पूर्ति करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदार कल्पना कुशवाह, कलेक्टर रीडर चैतन जायसवाल सहित तहसील कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# माकपा की दिल्ली में रैली 24 को, तैयारियां जोरों पर



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 18 मार्च।** आगामी 24 मार्च को दिल्ली में होने वाली माकपा की विशाल रैली की तैयारियां तेज हो गई है। इसी सिलसिले में बुधवार को कस्बा कैलारस में बहादुर सिंह धाकड़ भवन पर किसान एवं कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मप्र किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक तिवारी, माकपा नेता गयाराम सिंह धाकड़ ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ट्रंप डील के नाम पर अमेरिका के सामने शरणागत हो गई है। जीरो टैक्स पर विदेशी माल को आने की छूट दी जा रही है, इससे कृषि, पशुपालन, डेयरी उद्योग पूरी तरह तबाह हो जाएगा। इसी तरह बिजली विधेयक 2025 के द्वारा बिजली का निजीकरण करने का काम सरकार कर रही है। चार श्रम संहिताओं को लागू करने की तैयारी सरकार द्वारा की जा रही है। सरकार की इन नीतियों एवं नए विधेयकों के विरोध में माकपा द्वारा 24 मार्च को दिल्ली में विशाल रैली एवं प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। रैली में शामिल होने के लिए माकपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में किसान 23 मार्च की शाम को दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इस बैठक की अध्यक्षता बृजवीर सिंह ने की। बैठक में सरवनलाल धाकड़, सुरेश धाकड़, रामलखन सिंह, अमृतलाल धाकड़, मातादीन धानुक, रामलखन सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### नॉन स्टॉप ट्रेनों में चैन पुलिंग करने वाले 4 पकड़े, केस दर्ज

**मुरैना, 18 मार्च।** मुरैना रेलवे स्टेशन पर न रुकने वाली 4 अलग-अलग गाड़ियों की मुरैना-सिकरोदा एवं मुरैना-सांक स्टेशनों के बीच चैन पुलिंग करने वाले 4 लोगों को रेलवे सुरक्षा बल मुरैना के जवानों ने गिरफ्तार किया है। आरपीएफ मुरैना से मिली जानकारी के अनुसार विगत 16 एवं 17 मार्च को मुरैना के रास्ते गुजरने वाली ट्रेन संख्या-20976, 12189, 20424 और 12410 में सवार असामाजिक तत्वों ने मुरैना-सांक और मुरैना-सिकरोदा रेलवे स्टेशनों के बीच चैन पुलिंग कर खड़ा कर दिया था। जिससे ट्रेन में सवार मुसाफिरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आरपीएफ मुरैना की टीम ने चैन पुलिंग करने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके विरुद्ध रेलवे एक्ट की धारा-141 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### प्रजापति समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के पंजीयन शुरू

**मुरैना/जौरा।** प्रजापति सेवा जनकल्याण समिति जौरा द्वारा 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल अक्षय तृतीया को कराया जाएगा। जिसमें समाजबंधु अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों के ब्याह हेतु पंजीयन करा सकते हैं। 15 मार्च से शुरू हुए पंजीयन 10 अप्रेल तक चलेंगे। समिति संरक्षक सोबरन भगत, अंगदानंद, रामेश्वरदास, रामजीलाल बाबूजी, विद्याराम प्रजापति, महेश प्रजापति, सियाराम प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, रमेश प्रजापति, रामविलास प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, विकास प्रजापति आदि ने आह्वान किया है कि इच्छुक लोग प्रियंका कॉन्वेंट हासे स्कूल ब्लॉक कॉलोनी वार्ड 18 जौरा जिला में पंजीयन करा सकते हैं।

### रवि बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष

**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष पद पर रवि कुशवाह की नियुक्ति होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



### नागेश राष्ट्रीय परिषद के कार्यकारी सदस्य बने

**मुरैना/जौरा।** क्षेत्र के युवा समाजसेवी नागेश शर्मा जापथाप को स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय परिषद में कार्यकारी सदस्य बनाया गया है। अपने मनोनयन पर शर्मा ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### वैश्य दिवस आज मनाया जाएगा

**मुरैना, 18 मार्च।** वैश्य महासम्मेलन की जिलास्तरीय बैठक बुधवार को संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 19 मार्च को वैश्य दिवस मनाया जाएगा। मार्कंडेश्वर बाजार में सभी वैश्य समाज के लोग एकत्रित होकर हिंदू नववर्ष की बधाई देंगे और बाजार में रैली निकालकर सभी को केसरिया चंदन लगाकर दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सतीश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, उमेश गुप्ता, मुकेश बंसल आदि मौजूद रहे।

# पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कैद, 5 हजार जुर्माना

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 मार्च।** पत्नी की हत्या करने के बाद शव को जंगल में फेंकने वाले उसके पति को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश मुरैना कमलेश साहू ने आजीवन कारावास और 5 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक एवं सहायक जिला अभियोजन अधिकारी संजीव पाण्डेय ने की।

**बानमोर के भूराडांढ़ा गांव के जंगल में मिला था महिला का शव**

मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 29 मार्च 2025 को बानमोर पुलिस ने भूराडांढ़ा गांव के जंगल से एक महिला का शव बरामद किया था। मृतिका की शिनाख्त उसके भाई ने रचना कुशवाह पत्नी लखन सिंह कुशवाह के रूप में हुई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। इसी दौरान पता चला कि मृतिका रचना कुशवाह की शादी घटना दिनांक से करीब 25 दिन पूर्व ग्वालियर जिले के ग्राम बनवार थाना चीनोर निवासी लखन सिंह पुत्र मानसिंह कुशवाह के साथ हुई थी। 29 मार्च 2025 को पति लखन कुशवाह अपनी पत्नी रचना कुशवाह को बानमोर में दावत खिलाने की बात कहकर घर से बाइक पर बैठाकर लाया था। जिसके बाद लखन कुशवाह ने भूराडांढ़ा गांव के जंगल में रचना की हत्या करने के बाद शव को फेंक दिया और वहां से भाग निकला।

### प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया

पुलिस ने लखन कुशवाह के विरुद्ध बीएनएस की धारा- 103 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किए गए वैज्ञानिक एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने अभियुक्त लखन कुशवाह को दोषी माना और आजीवन कारावास एवं 5 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया है।

# तहसीलदार ने पटवारी को भेजा कारण बताओ नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 मार्च।** तहसीलदार बीके मिश्रा ने कई माह से गायब पटवारी हरिश्चंद्र सखवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पटवारी को दिए गए नोटिस में लिखा है कि 16 फरवरी को अनुविभागीय अधिकारी के आदेश आपसे 24 नवंबर 2025 से 12 फरवरी 2026 तक की अनुपस्थिति अवधि को कार्य नहीं तो वेतन नहीं के आधार पर वेतन राजसात कर आपको तहसील की आवक.जावक शाखा में संलग्न किया गया। आपका वेतन दो बार राजसात किया गया। इसके बावजूद आप अपने कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं हुए।

नोटिस के तीन दिन की अवधि में आप उपस्थित नहीं हुए तो आपके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा तहसीलदार बीके मिश्रा ने पटवारी मनीष शर्मा, हितेश कश्यप, जितेंद्र अवस्थीए अजय उपाध्याय को भी लंबित प्रकरणों को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

# 7 हजार मरीजों की ओपीडी, 604 मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुए



**मुरैना, 18 मार्च।** नर सेवा ही नारायण सेवा है के भाव के साथ विसं अध्यक्ष नरेंद्र सिंह की पहल पर विशाल नेत्र शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन अभियान का सफलता के साथ समापन हुआ। तीन दिवसीय इस विशाल सेवा अभियान 14-15 एवं 16 मार्च के दौरान लगभग 7000 मरीजों की ओपीडी की गई, साथ ही 604 मरीजों के सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए। शिविर में मरीजों को ऑपरेशन, दवाईयां, चश्मा एवं आवागमन की सभी सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व अध्यक्ष डॉ. योगेशपाल द्वारा शिविर में निरंतर सेवा कार्य में लगे रहे। वहीं इफको की टीम, डॉक्टरों, प्रशासन, पैरामेडिकल स्टाफ, पुलिस स्टाफ अन्य स्थानों से पधारे विशेषज्ञों, भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं ने भी अपनी महती भूमिका निभाई।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल-शौचालय के इंतजाम रहें

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/पहाड़गढ़, 18 मार्च।** आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 के विभिन्न संकेतकों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक एसडीएम शुभम शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

**एसडीएम ने संपूर्णता अभियान 2.0 में प्रगति की समीक्षा की**

बैठक में एसडीएम ने अभियान के सभी 6 प्रमुख संकेतकों की सतत निगरानी करते हुए निर्धारित समय-सीमा में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

यह संकेतक मुख्यतः पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन विभाग से संबंधित हैं। समीक्षा के दौरान बताया गया कि आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित रूप से पूरक पोषण उपलब्ध कराया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित बच्चों की दक्षता का मूल्यांकन करना, कुपोषित बच्चों को आवश्यकता अनुसार एनआरसी भेजना जरूरी है। इसके अतिरिक्त, विकासखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों की कार्यशीलता एवं शुद्ध पेयजल की 100 प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी स्कूलों में बालिकाओं हेतु पर्याप्त एवं सुचारु शौचालय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पशुपालन विभाग को गोजातीय पशुओं के लिए एफएमडी खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा में पाया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 4 में से 2 संकेतकों पर संतोषजनक प्रगति की गई है, जबकि शेष संकेतकों एवं पशुपालन विभाग के टीकाकरण कार्य में अपेक्षाकृत धीमी प्रगति रही। इस पर अनुविभागीय अधिकारी ने निर्देशित किया कि 30 मार्च तक सभी संकेतकों को शत-प्रतिशत संतृप्त किया जाए। बैठक में बीआरसी पहाड़गढ़ वीरेंद्र सिंह धाकड़, आईसीडीएस सुपरवाइजर रमा सेन, पुष्पेन्द्र कौरव, स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम शिवेन्द्र अवस्थी, आकांक्षी ब्लॉक फेलो रविन्द्र कुशवाह, जनपद पंचायत के उपयंत्री एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।


## आम सूचना

श्रीमती सुनीता कुशवाह पत्नी श्री दिनेश सिंह कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति, स्थित ग्राम जगतपुर, प.ह.न.41 (पुराना एवं प.ह.न.41 (नया), तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.301 ग्राम जगतपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 0.20 हैक्टेयर है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भवन श्री बहादुर, पश्चिम में-भवन रामरती, उत्तर में-रास्ता एवं दक्षिण में-प्लॉट सुनीता कुशवाह है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रमेश पुत्र श्री महाराज सिंह, श्रीमती राधा उर्फ शारदा पुत्री श्री महाराज सिंह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रमेश एवं श्रीमती राधा उर्फ शारदा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुनीता कुशवाह पत्नी श्री दिनेश सिंह कुशवाह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2357 दिनांक 20.11.2013 को विक्रय की गई एवं क्रेता द्वारा भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्रीमती सुनीता कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मुथूट होमफिन (इण्डिया) लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**


# सहजन का जूस-कचौड़ी व सोयाबिन अप्पे से पोषण बढ़ाएं


**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 18 मार्च।** बच्चों को घर की रसोई से कैसे पोषण आहार दिया जाए, इसके लिए पोषण कार्यशाला सह व्यंजन सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के संयोजन में हुआ यह आयोजन में कुपोषण के विरुद्ध एक सशक्त सामुदायिक पहल के रूप में उभरकर सामने आया, जिसका उद्देश्य जनसामान्य में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना तथा संतुलित एवं स्वस्थ खानपान की आदतों को प्रोत्साहित करना था।

**पोषण कार्यशाला आयोजित, कलेक्टर ने कहा कुपोषण के विरुद्ध सामूहिक पहल जरूरी**



आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंर्तगत कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं द्वारा घरेलू रसोई में उपलब्ध सब्जियों और मसालों से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार कर स्टॉल सजाई गई। जिसमें सहजन का जूस, पौष्टिक चाट, मूंग दाल चीला, सहजन कचौड़ी एवं रायता, सोयाबीन अप्पे, पनीर टोफ्रे, सहजन पकौड़े तथा टीएचआर से बने केक एवं इडली जैसे व्यंजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के दौरान पोषण विशेषज्ञों ने गर्भवती एवं प्रसूता माताओं तथा पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए आवश्यक पोषण संबंधी व्यवहारों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पूजा थदानी ने गर्भावस्था के प्रारंभिक तीन महीनों में विशेष पोषण की आवश्यकता पर बल दिया। सहायक प्राध्यापक प्रियंका शर्मा ने 12 सप्ताह के भीतर पंजीयन एवं फ



ोलिक एसिड के महत्व को रेखांकित किया। एनआरसी मुरैना की फूड डेमोंस्ट्रेटर टीना ने बताया कि बच्चों को बाहरी खाद्य पदार्थों से दूर रखना आवश्यक है, क्योंकि वे पेट तो भरते हैं, परंतु पर्याप्त पोषण नहीं देते।

**पोषण प्रदर्शनी का इन्होंने किया अवलोकन :** पोषण प्रदर्शनी में जिपं अध्यक्ष आरती गुर्जर, नगर निगम महापौर शारदा सोलंकी, जिपं सीईओ कमलेश भार्गव, महिला एवं बाल विकास अधिकारी ओपी पांडे आदि ने फूड स्टॉल का निरीक्षण किया।

### बच्चों के सर्वागीण विकास में आंबा कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि अंतरा फाउंडेशन द्वारा समुदाय एवं जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वित रूप से काम किया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से यह सीख मिलती है कि सीमित संसाधनों के माध्यम से भी उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि केंद्रों पर उपलब्ध सामग्री का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को बल मिल सके।